# आसमान से गिर रही आग, नौतपा शुरू होने से पहले भीषण गर्मी, लोग परेशान, 43 के ऊपर पारा



**नवभारत/ गोटेगांव** नगर सहित संपूर्ण क्षेत्रवासियों की दैनिक दिनचर्या पर 43 डिग्री सेल्सियम ताप मान होने से भीषण गर्मी तेज तपन के बढ़ जाने के कारण आम नागरिकों के जनजीवन पर अच्छा खासा प्रभाव देखने के साथ साथ जनजीवन अस्तव्यस्त सा हो जाने के साथ ही सड़कों पर नकाबपोश बनकर निकलने के लिए मजबूर कर दिया है, अभी नौतपा शुरू होने में काफी समय है, परंतु दिन पर दिन बढ़ती इस भीषणगर्मी गर्मी के मौसम में सुबह 10 बजे के बाद शहर की सड़कों पर बहुत अति आवश्यक कार्य से जाने आने वाले बहुत ही कम नागरिक आते जाते हुए दिखाई देते है, तेज तपती शरीर को जलन का एहसास कराने वाली इस धूप में नागरिक घर से निकलना पसंद नहीं करते हैं, सूर्यनारायण देवजी अपना रौद्र रूप दिखाने लगे हैं, जिसकी वजह से लोगों का दिन का चैन रातों की नींदहराम हो गई है, सुबह से ही सूर्य नारायण अपने पूरे प्रचंड देख के साथ ऊष्मा चारों ओर बिखेर रहे है, वैसे भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष गर्मी के मौसम में उमस के साथ साथ सूर्यदेव का तीव्र तापमान अपने पूरेशबाब पर है, जिसकी वजह से इंसान जानवर पशुपक्षी जीवजंतु सभी बेचैन हलाकान परेशान है, भीषण गर्मी में लू से बचने के लिए डॉक्टर भी सलाह मशवरा उपाय उपचार बताकर सावधानी बरतने नसीहत देकर सही सीमित खान पान करने के साथसाथ मौसमी फलो दही मट्ठा छाछ आम का पना का इस्तेमाल करने साथ ही धूप में घर से बारबार नहीं निकलने की हिदायत दे रहे हैं, चिलचिलाती धूप ने दिखाया अपना जलवा प्रात:काल सूर्य के उदय होने के साथसाथ तेज तपन असहनीय गर्मी चिलचिलाती धूप ने अपना जलवा दिखाना प्रारंभ कर दिया है, सुबह से लेकर शाम को सूर्यअस्त के उपरांत मध्यरात्रि तक अपना भीषण गर्मी अपना असर नहीं छोड़ती तपती तपन भीषण गर्मी के कारण विशेषकर खुले आसमान के नीचे फुटकर व्यवसाय करने वाले व्यापारीवर्ग फल सब्जी विक्रेता चायपान ठेला लगानेवाले नागरिकों और भीषण तपती हुई धूप में मजदूरी करने वाले श्रमिक वर्ग के व्यक्तियों के लिए गले की फांस बन गई है, इस भीषण तपती हुई धूप से बचने के लिए त्रिपाल चादर पनी छाता का सहारा लेकर अपना व्यापार करने के लिए मजबूर है, गर्मी के बढ़ते तेवर में आमनागरिकों का घर से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है, आग उगलने वाली सूर्यदेव की तपन वाली किरणों की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त सा हो गया है, धूप में निकलते ही शरीर पसीना से तरबतर होने के साथसाथ बार बार प्यास भी सताने लगती है, जिसकी वजह से नागरिकों को लू लगने का खतरा सताने लगता है।

### एसी, कूलर, पंखा के बिना जीना हुआ दुश्वार

तेज भीषण असहनीय गर्मी के परवान चढ़ते ही आमनागरिकों का जनजीवन ष्ट कूलर पंखा के आश्रित हो जाने के कारण इनके बिना सभी का जीना दुश्वार सा हो गया है, सूर्य की तेज किरणों की चुभन के कारण बिना कैप गमछा टोपी लिए सड़कों पर निकलना बड़ा मुश्किल सा हो जाता है, ग्रामीण क्षेत्रों से आने जाने वाले ग्रामवासी सरकारी विभागों के साथसाथ बाजारों से अपनाजरूरी कामकाज निपटाने के उपरांत बड़े बड़े वृक्षों की ठंडी छांव की तलाश कर शीघ्र उन वृक्षों की ठंडी छांव में आराम फरमाते हैं, क्योंकि उन्हें कूलर,ष्ट जैसा अहसास कराती है, भीषणगर्मी पड़ने के कारण,ष्ट कूलर पंखा बेचनेवाले दुकानदारों के साथसाथ ठंडे तरल पदार्थबचने वालों की बिक्री में भी बढ़ोतरी हो गई है, भीषणगर्मी के चलते शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की गली मोहल्ला प्रमुख चौराहों पर भी कुछही नागरिक आतेजाते नज़र पड़ते हैं, ऐसे तपन भरे माहौल में ,ष्ट कूलर पंखा से मिलने वाली राहत को छोड़कर घर से बाहर जाना कोई पसंद नहीं करता है।

**हादसा** गाडरवारा में दर्दनाक हादसा

# खड़े डंपर से टकराकर दो की मौत,परिजनों ने किया चकाजाम

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** शहर के कांच मंदिर क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन एक ही स्थान पर खड़े डंपर से हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान भूरा यादव और ओ.पी. ममार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे बिना किसी चेतावनी संकेत और सुरक्षा व्यवस्था के खड़े डंपर के कारण अंधेरे में वाहन चालकों को वह दिखाई नहीं दिया। इसी दौरान दोनों युवक अपने वाहन सहित डंपर से जा टकराए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। अगले दिन पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आमगांव तिराहे पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर खड़े भारी वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। यह चक्का जाम सुबह लगभग 10 बजे से शाम 4 बजे तक जारी रहा। मौके पर पहुंचे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश देकर जाम खुलवाया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।



### हादसे के मुख्य कारण

- सड़क किनारे बिना संकेत के खड़ा डंपर
- रात में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का अभाव
- यातायात एवं सुरक्षा नियमों की अनदेखी
- प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से डंपर चालक की मौत



**साईखेड़ा।** क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बेहद दुखद और हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसमें रेत से भरे डंपर के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना संसारखेड़ा स्थित रेत खदान के समीप हुई, जहां चालक डंपर के ऊपर चढ़कर रेत को समतल कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर में रेत ओवरलोड थी, जिससे उसकी ऊंचाई सामान्य से अधिक हो गई थी। इसी दौरान चालक ऊपर खड़े होकर रेत को बराबर कर रहा था, तभी वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद डंपर में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही साईखेड़ा नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक चालक अत्यंत गरीब परिवार से था और रोजी-रोटी के लिए यह कार्य कर रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संबंधित डंपर राहुल कठल का बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस हादसे ने एक बार फिर अवैध खनन और ओवरलोडिंग के गंभीर मुद्दे को उजागर किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नियमों का पालन किया जाता और डंपर में निर्धारित सीमा तक ही रेत भरी जाती, तो उसकी ऊंचाई इतनी अधिक नहीं होती कि वह बिजली के तारों के संपर्क में आए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खुदाई और ओवरलोडिंग पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# साईखेड़ा स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का दबाव

- दिन में जाम और रात में धूल से लोग त्रस्त
- बस्ती क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर नहीं होने से बढ़ा हादसों का खतरा, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग



**नवभारत/ साईखेड़ा।** नगर के स्टेट हाईवे पर इन दिनों ट्रकों, रेत से भरे डंपरों और एनटीपीसी से जुड़े भारी वाहनों की लगातार आवाजाही ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि दिन के समय सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जबकि रात में तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों से उठने वाली धूल लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, हाईवे से दिन-रात भारी वाहनों का आवागमन जारी है, जिससे सड़क पर हमेशा दबाव बना रहता है। सुबह और दोपहर के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, कामकाजी लोगों और मरीजों को जाम के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस तक जाम में फंस जाती है, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो जाती है। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब तेज गति से गुजरते ट्रक और डंपर धूल का गुबार उड़ा देते हैं। इससे घरों के अंदर तक धूल पहुंच रही है, जिससे लोगों को सांस और एलर्जी संबंधी समस्याएं हो रही हैं। बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका विशेष प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस्ती क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। कई बार छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से स्पीड ब्रेकर बनाने, भारी वाहनों की गति सीमित करने और धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव कराने की मांग की है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बस्ती क्षेत्र में तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं, ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस की व्यवस्था की जाए तथा भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था पर भी विचार किया जाए। लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करेगा, ताकि आमजन को राहत मिल सके और क्षेत्र में सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण बन सके।

### एक नजर में



## भक्ति और सौभाग्य का संगम वर्डिया हनुमान मंदिर में सुहागले कार्यक्रम

**नवभारत/ गोटेगांव।** स्थानीय नगर स्थित साहू मोहल्ला वर्डिया हनुमान मंदिर में वैशाख माह का सुहागले कार्यक्रम संपन्न वैशाख माह हिंदू संस्कृति में अत्यंत शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस पवित्र माह में किए गए पूजन, व्रत, दान और सत्संग का कई गुना फल प्राप्त होता है। विशेषत: भगवान विष्णु और भगवान हनुमान की आराधना जीवन में शांति, सौभाग्य और समृद्धि को बढ़ाने वाली मानी गई है। इसी धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए गोटेगांव के साहू मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध वर्डिया हनुमान मंदिर में सुहागले कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की अनेक गणमान्य व प्रतिष्ठित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी महिलाओं ने विधि-विधान से सुहागले की रस्में निभाई, भजन-कीर्तन किए तथा अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएँ कीं। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्ति और सौहार्द के माहौल से गूंजता रहा ।इस आयोजन को सफल बनाने में महिलाओं की सामूहिक भागीदारी और समर्पण का विशेष योगदान रहा, जिसने इसे और भी पावन एवं प्रेरणादायक बना दिया। श्री संकट मोचन में गुड़, चना, फल एवं लड्डुओं का लगा भोग गोटेगांव जबलपुर रोड बकतला स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बजरंग सेवा नर्मदा खंड महा आरती समिति के तत्वाधान में श्री।म भक्त हनुमान जी की महाआरती पंडित दीपक तिवारी के आचार्यत्व मैं पूर्ण वैदिक मंत्र उच्चारण व विधि विधान से पंडित वसंत दुबे के द्वारा पूजन अर्चन किया गया और संकट मोचन जी को मगज के लड्डुओं व प्रिय भोग गुड़ चना और फल का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजनों ने सामूहिक रूप से राम श्रुति हनुमान चालीसा श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया ! निरंतर यह आरती का सिलसिला 332वें से जारी है वही गोटगांव नगर के गोविंद नेमा की बिटिया वैशाली नेमा ने 12ह्ल्द्ध क्लास में 92त्न अंक प्राप्त किए जाने के उपलक्ष में समिति के द्वारा तिलक लगाकर अंग वस्त्र डालकर डायरी पेन देकर बिटिया को शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समय सीमा की बैठक

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शानू चौधरी व महेन्द्र पटेल और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने संबल 2.0 योजना एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त विशेष जेल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति म.प्र.उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति आनंद पाठक एवं अन्य न्यायमूर्तिगणों की विशेष उपस्थिति रही। प्रदेश स्तर पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात् स्थानीय स्तर पर केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्टेट राकेश सनोडिया, उपस्थिति में द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया।



## जनपद पंचायत परिसर में खुला चेंबर दे रहा हादसों को न्योता, नागरिकों में आक्रोश

**नवभारत/ गोटेगांव** जनपद पंचायत कार्यालय परिसर के पास स्थित एक खुला चैंबर राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। जिम्मेदार विभाग की लापरवाही के चलते यह खुला गड्ढा आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। व्यस्त क्षेत्र होने के कारण यहां से गुजरने वाले बच्चे और बुजुर्ग अक्सर इसका शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं दोपहिया वाहन चालकों के फंसने से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रीय नागरिकों और दुकानदारों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन ने अब तक इसे ढंकने की जहमत नहीं उठाई है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस चैंबर को दुरुस्त कर सुरक्षित नहीं किया गया, तो वे उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

## कलेक्टर के प्रतिनिधि पहुंचे, आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना



**साईखेड़ा।** नगर परिषद साईखेड़ा में कथित गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों, वित्तीय अनियमितताओं एवं विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जारी धरना प्रदर्शन सोमवार को प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जेपी रजक तथा थाना स्टाफ धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनका ज्ञापन प्राप्त किया ।अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में शामिल सभी मांगों एवं शिकायतों की 30 दिवस के भीतर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन द्वारा निर्धारित समयसीमा दिए जाने के बाद आंदोलनकारियों ने धरना स्थगित करने की घोषणा की ।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित अवधि में बस स्टैंड एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण, नगर परिषद भवन, मुक्तिधाम, तालाब संरक्षण, सड़कों की गुणवत्ता, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, खेल मैदान संरक्षण, कृषि उपज मंडी विकास तथा नगर परिषद द्वारा खरीदे गए वाहनों से संबंधित मुद्दों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे पुन: आंदोलन करेंगे या न्यायालय की शरण लेंगे ।धरना का नेतृत्व कर रहे रंजीत तोमर ने कहा कि जनता लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की प्रतीक्षा कर रही है। प्रशासन का यह आश्वासन अंतिम अवसर के रूप में स्वीकार किया गया है। समयसीमा में निष्पक्ष जांच नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। धरना स्थल पर सुजान सिंह राजपूत, सुशांत राय, नितेश तोमर, पत्रकार कमलेश अवधिया, वीरेंद्र पटेल, जय नारायण अग्रवाल, मुन्नीलाल कुशवाहा, गोपाल प्रसाद अग्रवाल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# हवाला के मायाजाल में फंस रही युवा पीढ़ी, जवाबदारों की चुप्पी और सुस्ती पर उठ रहे सवाल

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में हवाला कारोबार और अवैध वित्तीय लेन देन का नया केंद्र बनता जा रहा है। चंद रुपयों के लालच में क्षेत्र की युवा पीढ़ी इस खतरनाक दलदल में धंसती जा रही है। लेकिन विडंबना यह है कि कानून के रखवाले और बैंकिंग संस्थान अपनी आंखें मूंदकर बैठे हैं। स्थानीय स्तर पर हो रहे लाखों करोड़ों के संदिग्ध लेन देन ने अब कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

- **पुलिस की भूमिका पर संदेह: क्या कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता?**
  - क्षेत्र में चर्चा है कि हवाला कारोबार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि अब खुलेआम युवाओं को कमीशन का झांसा देकर उनके बैंक खातों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि पुलिस का खुफिया तंत्र पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस को सब पता होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्या यह पुलिस की लापरवाही है या फिर किसी बड़े संरक्षण का परिणाम? पुलिस की इस निष्क्रियता ने अपराधियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं। पिछले दिनों में तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में दूसरे प्रांतों की पुलिस ने स्वयं यहां पर पहुंच कर दविश दी थी लेकिन खाली हाथ ही वापिस लौट गई थी। और जिनके नाम चर्चाओं में थे अब वे खुलेआम घूम रहे हैं।
- **बैंकों की लापरवाही, नए खातों में अचानक कैसे आ रहे लाखों रुपये**
  - सिर्फ खाकी ही नहीं बल्कि बैंकिंग व्यवस्था भी इस खेल में बराबर की जिम्मेदार नजर आ रही है। नियमानुसार किसी भी नए या सामान्य खाते में अचानक होने वाले बड़े और संदिग्ध लेन देन की सूचना सस्पेंस अकाउंट एक्टिविटी के तहत उच्च अधिकारियों को दी जानी चाहिए। लेकिन तेंदूखेड़ा में बैंकों की चुप्पी संदिग्ध है। आखिर कैसे साधारण परिवारों के युवाओं के खातों में रातों-रात लाखों का ट्रांजेक्शन हो रहा है? क्या बैंक मैनेजर और कर्मचारी इन खातों की निगरानी करने में असमर्थ हैं या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? जिन खातेदारों के बैंक एकाउंट में इतनी बड़ी राशि आ रही है उनके एपीएम कार्ड स्वयं जालसाजों के हाथ में रहते हैं।
- **युवा पीढ़ी पर मंडरा रहा खतरा**
  - हवाला कारोबारी उन युवाओं को निशाना बना रहे हैं जो जल्दी पैसा कमाने की चाह रहते हैं। उन्हें कुछ हजार रुपयों का लालच देकर उनके आईडी और बैंक खातों का दुरुपयोग किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यह पैसा न केवल टैक्स चोरी बल्कि अन्य असामाजिक गतिविधियों से भी जुड़ा हो सकता है। यदि समय रहते पुलिस और प्रशासन ने लगाम नहीं कसी तो तेंदूखेड़ा के सैकड़ों युवाओं का भविष्य सलाखों के पीछे हो सकता है।
- **मुख्य बिंदु जो प्रशासन से जवाब मांगते हैं**
  - पुलिस ने अब तक संदिग्ध खाताधारकों से पूछताछ क्यों नहीं की?
- **क्या बैंकों ने संदिग्ध लेन-देन की रिपोर्ट जिला प्रशासन या इनकम टैक्स विभाग को दी है?**
  - क्षेत्र के युवाओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन ने क्या कदम उठाए हैं।

### इनका कहना है

क्षेत्र में संदिग्ध लेन देन और युवाओं के भटकाव की खबरें चिंताजनक हैं ।यदि जवाबदार पक्षों द्वारा इस फैलते कारोबार पर तत्काल ध्यान नहीं देती है तो यह एक बड़े संगठित अपराध का रुप ले सकता है।

**-दिनेश सिंह** एडवोकेट

हबाला और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन को लेकर तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जो स्थितियां उभर रहीं हैं वे कानून की दृष्टि से अत्यंत गंभीर है। और अपराध की श्रेणी में आती हैं जब कोई व्यक्ति अपने बैंक खातों को किसी अन्य व्यक्ति के अवैध लेन देन के लिए इस्तेमाल करने देता है भले ही अनजाने में ही सही मनी लांड्रिंग और हबाला जैसे अपराधों में सहभागी बन जाता है।

**सुनील पटेल**
एडवोकेट तेंदूखेड़ा

## अवैध शराब के विरूद्ध नरसिंहपुर पुलिस का सघन अभियान

**नरसिंहपुर** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 27.04.2026 जुर्म जरायम अपराध पतारसी व पेट्रोलिंग के दौरान मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि नीरज कुचबंदिया निवासी करेली ड्रीम लैण्ड सिटी के पास, करेली बस्ती में हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब अधिक मात्रा में बेचने के लिये रखा हुआ है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया जाकर उनके पास से भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब जप्त की गयी है। आरोपी = नीरज पिता स्व. जगदीश कुचबंदिया, उम्र 25 साल, निवासी कुचबंदिया मोहल्ला, थाना करेली, जिला नरसिहपुर (म.प्र.)।